दैनिक
# गुरूज्योति पत्रिका

सत्य का पुजारी हूं, भले ही छोटा ही सही, असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं

GET IT ON Google Play | Available on the App Store

## छोटी-बड़ी खबरे...

### कन्हैया के घर पहुंचे पायलट, बेटे की पगड़ी रस्म में हुए शामिल कटारिया



गुरूज्योति पत्रिका/उदयपुर

कन्हैयालाल हत्याकांड के दस दिन बाद भी उदयपुर में हालात पूरी तरह से सामान्य नहीं हैं। शहर की कुछ बस्तियों और कॉलोनियों में रह रहे लोग अब भी डरे हुए हैं। उनका यह डर दूर करने के लिए पुलिस के अधिकारी बस्तियों में जाकर उनसे बात कर रहे हैं और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिखा रहे हैं। इधर, शुक्रवार को कन्हैयाल के बड़े बेटे को पगड़ी पहनाने की रस्म हुई। जिसमें आसपास के लोगों के साथ भाजपा नेता गुलाबचंद कटारिया भी शामिल हुए। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भी कन्हैया के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आपके साथ है। कन्हैया हत्याकांड से जुड़ा एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। यह फुटेज 28 जून शाम करीब सवा चार बजे सुखेर थाना इलाके के पेट्रोल पंप का है। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति रियाज अत्तारी की बाइक से पेट्रोल भरवा रहा है। हैलमेट लगाए होने के कारण उसका चेहरा नहीं दिखाई दे रहा है। एजेंसियां युवक के बारे में जानकारी जुटा रहीं हैं।

### SDRF बटालियन मुख्यालय में वर्तमान मानसून सत्र के मद्देनजर मीटिंग का आयोजन



**जयपुर।** एसडीआरएफ राजस्थान सेनानायक पंकज चौधरी IPS की अध्यक्षता में बटालियन मुख्यालय पर मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान वर्तमान मानसून सत्र के मद्देनजर राज्य के विभिन्न जिलों में आपदा राहत एवं बचाव हेतु तैनात रेस्क्यू टीमों के रहने, खाने व वाहन एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। समस्त कंपनी प्रभारियों को कंपनी मुख्यालय के लिए स्थाई भूमि आवंटन हेतु स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर भूमि आवंटन की कार्रवाई को पूर्ण करने यह तो निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जवानों की समस्याओं का निस्तारण हेतु बताया गया। रेस्क्यू के दौरान सभी जवान बेहतर प्रदर्शन करें, इसके लिए कंपनी प्रभारियों को रेस्क्यू टीमों का निरीक्षण कर उन्हें प्रेरित करने के लिए बताया गया। वर्तमान मानसून सत्र के मद्देनजर मासिक मीटिंग के दौरान एसडी आरएफ बटालियन मुख्यालय पर उपस्थित समस्त अधिकारी एवं रेंज मुख्यालय पर तैनात कंपनियों के समस्त प्रभारी उपस्थित हुए।

### चीनी लड़ाकू विमानों ने भारतीय सैनिकों के करीब भरी उड़ान, भारत ने जताया सख्त विरोध

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

यह घटना ऐसे समय में हुई जब चीनी पक्ष पूर्वी लद्दाख सेक्टर की सीमा से लगे क्षेत्रों में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली सहित अपने लड़ाकू जेट और वायु रक्षा हथियारों से जुड़े अभ्यास कर रहा है। चीनी वायु सेना के एक विमान ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख सेक्टर में विवाद वाले क्षेत्र के बहुत करीब से उड़ान भरकर माहौल तनावपूर्ण बना दिया। चीन की इस हरकत पर भारतीय वायु सेना ने तुरंत विरोध दर्ज कराया है। सूत्रों के मुताबिक, यह घटना जून के आखिरी सप्ताह में एक दिन सुबह लगभग 4 बजे हुई।

# जापान के पूर्व पीएम आबे की हत्या: इलेक्शन कैंपेन में पूर्व सैनिक ने पीछे से गोली मारी

## 6 घंटे बाद निधन; भारत में राष्ट्रीय शोक

गुरूज्योति पत्रिका/टोक्यो।

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शुक्रवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। आबे नारा शहर में इलेक्शन कैंपेन के दौरान स्पीच दे रहे थे। 42 साल के हमलावर ने पीछे से फायरिंग की। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी का नाम यामागामी तेत्सुया है और वो आबे की नीतियों से नाखुश था। दो गोलियां लगने के फौरन बाद आबे गिर पड़े। उन्हें हेलिकॉप्टर से नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। 6 घंटे तक मेडिकल टीम ने उन्हें बचाने की कोशिश की। इलाज के दौरान आबे को दिल का दौरा भी पड़ा। घटना भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजे (जापान के समय के मुताबिक सुबह 11.30 बजे) की है। आबे की जान बचाने की कोशिश करने वाली मेडिकल टीम में शामिल एक डॉक्टर ने कहा- आबे को लगी एक गोली उनके दिल तक पहुंच गई थी।



### हिरासत में 41 वर्षीय तेत्सुया यामागामी , बंदूक भी बरामद

पूर्व जापानी प्रधान मंत्री अबे शिंजो को 8 जुलाई को गोली लगने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने संदिग्ध (ग्रे शर्ट पहने हुए) को पकड़ लिया है। शुक्रवार को एक चुनाव प्रचार के लिए भाषण देने के दौरान जापान के पूर्व प्रधानमंत्री अबे शिंजो को गोली लगने के तुरंत बाद, पुलिस ने कहा कि उन्होंने शूटिंग के सिलसिले में एक 41 वर्षीय व्यक्ति तेत्सुया यामागामी को हिरासत में ले लिया है। यामागामी को सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर ही काबू कर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने एक बंदूक भी बरामद की, जहां से आबे को गोली मारी गई थी।

### जापान में चुनाव प्रचार स्थगित, पीएम किशिदा पहुंच रहे टोक्यो

जापान सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि अबे को गोली मारने के बाद जापान के पीएम फुमियो किशिदा और कैबिनेट मंत्री वापस टोक्यो लौट रहे हैं। खबर है कि जापान के पीएम फुमियो किशिदा टोक्यो के रास्ते में हैं और चुनाव प्रचार स्थगित कर दिया गया है।

### मोदी बोले- पूरा भारत शोक में डूबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आबे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा- भारत और जापान के रिश्तों और ग्लोबल पार्टनरशिप में आबे की अहम भूमिका रही। आज पूरे भारत में शोक है। इस मुश्किल वक्त में हम पूरी ताकत के साथ अपने जापानी भाई-बहनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने शिंजो के सम्मान में कल यानी 9 जुलाई को एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा भी की। आबे पर फायरिंग उस वक्त की गई, जब वे चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान फायरिंग की आवाज आई और आबे गिर पड़े।



शुरुआती रिपोर्ट्स में कहा गया कि किसी ने उन्हें सीने पर गोली मारी। बाद में ये साफ हुआ कि उन पर पीछे से फायरिंग हुई। हमलावर यामागामी तेत्सुया को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से गन बरामद हुई है। ये किसी टीवी कैमरे की तरह नजर आती है। जापानी मीडिया के मुताबिक हमलावर ने हैंडमेड गन का इस्तेमाल किया। वो मेरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स का मेंबर था।

### सड़क पर सभा कर रहे थे, हमले के बाद धुंआ दिखाई दिया

जापान में रविवार को उच्च सदन के चुनाव होने हैं। शिंजो इसके लिए कैंपेनिंग कर रहे थे। सड़क पर एक छोटी सी सभा थी, जिसमें 100 से ज्यादा लोग शामिल थे। जब आबे भाषण देने आए तो पीछे से एक हमलावर ने गोली चलाई। जो वीडियो सामने आया है, उसमें हमले के बाद धुंआ दिखाई दिया। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। जापान में गन कंट्रोल लॉ बेहद सख्त है। करीब 13 करोड़ की आबादी वाले इस देश में फायरिंग से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सिंगल डिजिट में ही रहता है। गन लाइसेंस सिर्फ जापान के लोगों को मिल सकता है। वो भी उन्हें जो किसी शूटिंग एसोसिएशन के मेंबर हों। इनको भी लाइसेंस जारी करने से पहले बेहद बारीकी से जांच पड़ताल होती है।

### दिल का दौरा भी पड़ा

जापानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गोली लगने के बाद शिंजो को दिल का दौरा भी पड़ा। हालांकि अभी इसके बारे में आधिकारिक बयान नहीं आया है। चश्मदीदों के मुताबिक मौके पर गोली चलने की आवाज सुनाई दी और आबे के शरीर से खून बहता दिखा।

# राजस्थान के 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## झालावाड़, जालोर में 4 इंच तक बारिश हुई

### जयपुर में 3 दिन बाद उम्मीद

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर।

राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में गुरुवार रात तेज बारिश हुई। झालावाड़, जालोर के कई हिस्सों में 4 इंच तक पानी गिरा है। इसके अलावा अजमेर, बारां, भीलवाड़ा, जोधपुर जिलों में भी कई जगह अच्छी बारिश हुई, लेकिन राजधानी जयपुर अभी भी उमस और गर्मी से परेशान है। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के हिस्सों में अगले 2-3 दिन तेज बारिश होने का अनुमान जताया है। साथ ही बारां, झालावाड़, कोटा, चूरू और हनुमानगढ़ में अगले 24 से 48 घंटे के बीच भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। वहीं, गर्मी झेल रहे जयपुर में तीन दिन बाद बारिश होने की उम्मीद है। राज्य में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश झालावाड़ के बाकनी में हुई। जहां 99रूपानी गिरा। तेज बारिश के कारण झालावाड़ में बरसाती नदियों में पानी बढ़ गया। कालीसिंध नदी का जलस्तर बढ़ने से वहां बने बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। जोधपुर जिले में देर रात अच्छी बारिश हुई। जोधपुर के ओसियां



में सच्चियाम मंदिर की सीढ़ियों पर झरना बहने लगा।

### गर्मी से रात का पारा 30 डिग्री तक पहुंचा

एक तरफ जहां दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में बारिश हो रही है तो दूसरी तरफ पूर्वी और उत्तरी राजस्थान के हिस्सों में अब भी लोग गर्मी-उमस से परेशान है। जयपुर, अलवर, गंगानगर, सीकर, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में बारिश नहीं होने से उमस ने बेचैनी बढ़ा दी है। श्रीगंगानगर में रात का न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गया। धौलपुर, पिलानी, अलवर में भी रात का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। मानसून के बादल (टर्फ लाइन) अभी अपने निर्धारित सीमा से थोड़ा दक्षिण पश्चिम से नीचे होकर गुजर रहे हैं। इससे मानसून के बादल अभी मध्यप्रदेश से भोपाल, मंसौर, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और इसके अलावा गुजरात के अधिकांश हिस्सों में सक्रिय है।

# उत्तराखंड में कार हादसा, 9 की मौत, दो को बचाया

### कार्बेट पार्क से लौटते वक्त ढेला नदी के तेज बहाव से कार का बैलेंस बिगड़ा था



गुरूज्योति पत्रिका/नैनीताल।

उत्तराखंड के रामनगर में शुक्रवार सुबह 5:45 बजे पर्यटकों की कार ढेला नदी में पलट गई। हादसे के समय पुल पर तेज बहाव था और कार का संतुलन बिगड़ने से वह पलट गई। कार में सवार 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद हुए रेस्क्यू में 1 लड़की नाजिया और एक बच्चे को बचा लिया गया। दोनों को रामनगर अस्पताल में भर्ती हैं। ये सभी ढेला के ही एक रिसॉर्ट में रुके थे। सभी ऑर्केस्ट्रा ग्रुप से जुड़े हुए थे और कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। कुमाऊं रेंज के छ्ठ्ठल आनंद भरण ने बताया कि मरने वालों में कई लोग पंजाब के पटियाला के रहने वाले थे। सुबह से हो रही भारी बारिश के चलते नदी उफान पर थी, जिसके कारण हादसा हुआ। हादसे में मरने वालों की पहचान पवन जैकब (45) पुत्र सुरजीत जैकब और इकबाल (35) निवासी भीम नगर सफाबादी गेट झुंगियां (पटियाला), कविता पत्नी भूपिंदर सिंह निवासी गुरु अंगददेव कॉलोनी राजपुरा (पटियाला), सपना पुत्री बलविंद्र सिंह, हिना, माही गांव इंदिरापुरम (पटियाला), अमनदीप सिंह पुत्र मनोहर सिंह चेलां भट्टी भवानीगढ़ (संगरूर) की मौत हो गई। वहीं, एक महिला आशिया रामनगर (उत्तराखंड) की भी बताई जा रही है। चश्मदीदों के मुताबिक घटना सुबह 5:45 बजे की है। इन लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वे उसे रोक नहीं पाए। ढेला गांव की इस नदी का बहाव इतना तेज था कि वह कार को भी बहा ले गया। बताया जा रहा है कि प्रशासन इस नदी पर पुल बनाने की योजना बना रहा था, क्योंकि यहां पहले भी ऐसे हादसे हो चुके हैं। घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक जताते हुए कहा कि रामनगर की ढेला नदी में कार के बह जाने से कार सवारों की मौत की खबर मिली है।

# सरोवर लुप्त की कगार पर- कपिल सरोवर के कैचमेंट ऐरिया, नदी, नालों में अतिरिक्त उपनिवेशन आयुक्त बीकानेर ने की भूमि आवंटन

गुरूज्योति पत्रिका

**श्रीकोलायत।** सांख्य दर्शन के प्रणेता महर्षि कपिल मुनि की तपोस्थली श्रीकोलायत जो जन जन की आस्था का केन्द्र है। इस पवित्र सरोवर से दो समुदायको की आस्था जुडी होने के बावजूद भी कपिल सरोवर के कैचमेंट एरिया( जल बहाव क्षेत्र) में नियमों को ताक पर रखकर जहां माइनिंग विभाग द्वारा बड़ी संख्या में लीजें तो आवंटन की ही जा चुकी वही अतिरिक्त उपनिवेशन आयुक्त द्वारा भी बिना नियमों के जांच किये ही कपिल सरोवर केचमेंट एरिया में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के विस्थापितों के नाम से भूमि का आवंटन तक कर दिया गया।

श्रीकोलायत की बाल क्ले बजरी, सिलिकॉन सहित बड़ी मात्रा में प्रचुर खनिज भण्डार के चलते अतिरिक्त उपनिवेशन आयुक्त के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कपिल सरोवर के कैचमेंट एरिया मे महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के विस्थापितों को भूमि का आवंटन कर दिया गया है। जबकि जल संसाधन विभाग बीकानेर के नियमानुसार किसी भी केचमेंट एरिया में किसी भी प्रकार का व्यवसायिक कार्य एवं कृषि कार्य के लिए भूमि का आवंटन नहीं किया जा सकता है।

### इतनी है केचमेंट एरिया का क्षेत्र

जल संसाधन विभाग बीकानेर के द्वारा सांख्य दर्शन के प्रणेता महर्षि कपिल मुनि की तपोस्थली पर स्थित कपिल सरोवर का क्षेत्रफल 14.2559 किलोमीटर है। उक्त क्षेत्रफल के अनुसार कपिल सरोवर का केचमेंट एरिया राष्ट्रीय राजमार्ग 11 तक कपिल सरोवर का केचमेंट एरिया है। जिस पर किसी भी प्रकार का आवंटन नहीं किया जा सकता है।

### वृताधिकारी कार्यालय पर ही कर दिया आंवटन

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के विस्थापितों के कपिल सरोवर जो जन जन की आस्था का केन्द्र है जहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते है उसी के जल बहाव क्षेत्र को पूर्णतया नष्ट कर दिया गया है जिसमें माइनिंग विभाग द्वारा जल संसाधन विभाग उपखण्ड बीकानेर की अनुमति के बिना ही बडी मात्रा में लीज देकर केचमेंट एरिया को पूर्णतया नष्ट तो कर दिया गया है। जिसके चलते जल बहाव क्षेत्र में घंटे बारिश होने के बाद भी कपिल सरोवर में नाममात्र का पानी ही पहुंचता है। जिसको लेकर अनेकों बार ग्रामीणों द्वारा जल बहाव क्षेत्र को खनन मुक्त करने की अपील के बाद भी माइनिंग विभाग की ओर से इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जल ससाधन विभाग व उपनिवेशन विभाग बड़े शक के दायरे में लगातार कपिल सरोवर के कैचमेंट एरिये में हो रहे भूमि आवंटन को लेकर ग्रामीणों द्वारा सहायक अभियंता जल ससाधन विभाग बीकानेर को अवगत करवाया लेकिन विभाग के अधिकारियों की चुपी की वजह से ही बड़ी सख्या में भूमि आवंटन हो रही हैं

### जिन्होंने कभी कोलायत तक नहीं देखा उनको हुई भूमि आवंटन

जिन जिन लोगों को भूमि आवंटन हुई है उन्होंने आज तक कोलायत तक नहीं देखा है भू माफियाओं के साथ अधिकारियों ने मिलकर कैचमेंट को नष्ट करने के लिए नदी नालों वाली भूमि पर अधिकतर आवंटन किया जिससे उन भूमियों को भी खोद सके और पायतन को पूरी तरह नष्ट किया जा सके

### इन इन ग्रामीणों को हुई भूमि आवंटन

महाजन क्षेत्र के ग्राम कानोलाई के निवासी तिलोकाराम ब्राह्मण के पुत्र ओमप्रकाश ,किशनाराम,मांगीलाल, हेतराम व लाधुराम पुत्र रावतराम नायक निवासी रायमलवाली को भूमि का आवंटन हुवा वो पूरी नदी नाले वाली भूमि है मोके ओर मानसून में अभी पानी बहकर कपिल सरोवर की ओर आता है

### पटवारियों ने मौका न देखे बिना ही भेज दी चेकलिस्ट


जहाँ जहाँ भूमियों का आवंटन हुवा है वहाँ पर नदी नाले सहित कुछ भूमियों पर विधुत विभाग के बड़ी बड़ी लाइने निकली हुई है फिर भी सब कुछ चेकलिस्ट में न दिखाकर करवाया गया आवंटन

### भूमि आवंटन गड़बड़ी में पटवारियों की अहम भूमिका

पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय बना उस भूमि का हुआ आवंटन 7 ग्राम इदो के बाला के खसरा नम्बर 624/581 पर वर्तमान में पुलिस विभाग का कार्यालय बना हुवा है लेकिन अधिकारियों ने ध्यान न देकर के उसी भूमि को ही आवंटन कर दिया

### इनका कहना है -

राजनीतिक सरक्षंण के चलते उपनिवेशन विभाग के अधिकारियों व भूमाफियाओं की बड़ी मिलीभगत से यह सब बड़े गलत तरीके से भूमि आवंटन हो रही हैं मामले को उच्च न्यायालय जोधपुर व सी बी आई से जांच करवाकर भृष्टाचारियो को सलाखों के अंदर बंद करवाया जाएगा



*दलीप सिंह*
*उपनिवेशन विभाग*
*एक्सपर्ट एडवोकेट*

## राजस्व अधिकारियों ने किया रानी नवनियुक्त तहसीलदार का स्वागत



**गुरूज्योति पत्रिका/रानी।** रानी नवनियुक्त तहसीलदार जितेन्द्र सिंह राठौड़ का आज तहसील कार्यालय में रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह की उपस्थिति में राजस्व अधिकारियों ने तहसीलदार जितेंद्र सिंह का स्वागत किया व दफेदार गोपाल सरियाला ने बताया कि स्वागत समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह,नायाब तहसीलदार फुलाराम मीणा व ईश्वर सिंह चौहान, खिंवाड़ा नायाब तहसीलदार मोहनलाल, ओके रमेश कुमार,लक्ष्मण राम,आर आई दलाराम चौधरी,पोमाराम चौधरी, झालाराम चौधरी,महेंद्र सिंह, सज्जन सिंह, पटवारी ओमप्रकाश गुर्जर, जसवंत सिंह, शंकर सिंह, महेश कुमार,मदन सिंह,देशराज, पुखराज, कल्पना अरोडा,विनिता कुमारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रानी में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**गुरूज्योति पत्रिका/रानी।** मेन बाजार स्थित कृषि मंडी खेल मैदान में रानी रॉयल क्लब के तत्वाधान में तीन दिवसीय सुपर 8 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन आज किया गया उद्घाटन समारोह में आयोजन कमेटी की ओर से प्रतियोगिता को शुरू करवाया गया आयोजन कमेटी के सुरेश चौधरी ने बताया कि पहला मैच रानी रॉयल क्लब एवं केदारनाथ के बीच खेला गया जिसमें रानी रॉयल क्लब 8 विकेटों से विजेता रही चौधरी ने यह भी बताया कि तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं जिसमें विजेता टीम को 11000 एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 5100 एवं ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया जाएगा इस प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र की टीमें भाग ले रही हैं आयोजन कमेटी के भैराराम बंजारा रतन बंजारा प्रकाश गहलोत नरेश कुमार विक्रम राठौड़ कैलाश राठौड़ गोविंद देवड़ा सहित कई सदस्य प्रतियोगिता को सफल बनाने में एकजुट होकर लगे हुए हैं।

## पारंपरिक कंपनी का नया गीत मेहंदी हुआ रिलीज

गाने को दंगल फिल्म के फेमस सिंगर सरताज खान बरना ने गाया है जिन्होंने दंगल फिल्म में 'हानिकारक बापू' गाना गाया था



**गुरूज्योति पत्रिका/जोधपुर।** पारंपरिक कंपनी ने 8 जुलाई 2022 को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई और अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर एक नया गीत मेहंदी जारी किया गया। गाने को दंगल फिल्म के फेमस सिंगर सरताज खान बरना ने गाया है। संगीत J19 स्क्वाड द्वारा दिया गया है जिसमें यंग एच और पी के निम्बार्क शामिल हैं। उन्होंने राजस्थानी संगीत उद्योग में कई गाने गाए हैं जिनमें सुपरहिट ÷सेहर महरो जोधपुर÷ और कई अन्य शामिल हैं। यह गीत फर्म पारम्परिक द्वारा निर्मित है, जिसके मालिक दीपक परिहार हैं जो जोधपुर के प्रसिद्ध व्यवसायी हैं। मेहंदी का निर्देशन शानदार निर्देशक सार्थक कनौजिया ने किया है, जिन्होंने 80 से अधिक गाने और कुछ लघु फिल्मों का भी निर्देशन किया है। मेहंदी गाने में विश्वदीप सिंह शेखावत और नेहा आसवानी लीड रोल में हैं। दोनों अभिनेताओं ने अतीत में कई फिल्मों और गानों में शानदार काम किया है पारंपरिक कंपनी के बैनर तले यह पहला गाना है। वे राजस्थानी उद्योग के पुराने लोक संगीत को आधुनिक तरीके से लाने का लक्ष्य बना रहे हैं। वे इस उद्योग द्वारा युवाओं को राजस्थान के बारे में जानकारी प्रदान करने की भी योजना बना रहे हैं।

## न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहीं हैं माँ और बेटी, आखिर कब मिलेगा न्याय

**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** शुक्रवार न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहीं हैं माँ और बेटी, आखिर कब मिलेगा न्याय...अपने ही बेटी को पाने के लिए मां ओर बेटी को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। शराबी पति से परेशान पत्नी और बेटी न्याय के लिए दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर आखिर कब मिलेगा ? न्याय पीड़ित महिला का कहना है कि मेरा पति मेरे से छीनकर मेरा 2 साल का बेटा सौरभ को लेकर चला गया जिसको लेकर में ओर मेरी बेटी काफी परेशान हालत में है से वापस दिलाने के लिए पीड़िता ने महिला थाना समेत जिले के सभी अधिकारियो से पीड़िता ने मामले के लेकर महिला संरक्षण पदाधिकारी समेत पुलिस के वरीय अधिकारियों तक गुहार लगा चुकी है। बावजूद किसी के तरफ से महिला को कोई मदद नहीं मिल रही है।



# राज्य सरकार द्वारा लागू नए शिक्षा सेवा नियम में किसी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं: मोहरसिंह

### मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बीकानेर।** राज्य सरकार द्वारा लागू धारा 144 की पालना करते हुए यूजी पीजी समान विषय समर्थक संघर्ष समिति राजस्थान के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश संरक्षक मोहरसिंह सलावद के नेतृत्व में जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद व तहसीलदार बिहारी लाल को राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला व प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा के नाम ज्ञापन देकर शिक्षा सेवा नियम से वरिष्ठ अध्यापक से स्कूल प्राध्यापक की पदोन्नति करने की मांग की गई। प्रदेश संरक्षक सलावद ने ज्ञापन में बताया की राज्य सरकार द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए राजस्थान शैक्षिक सेवा नियम 2021 को राजपत्र में प्रकाशन के साथ लागू किया जो शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। लेकीन संयुक्त शासन सचिव शिक्षा ग्रुप 2 ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है जिसमे असमान विषयों वालो को 3 अगस्त से पहले पीजी कर चुके शिक्षकों के लिए छुट के लिए लिखा है जिसका राज्य के कला वर्ग के लाखों शिक्षक विरोध करते है । समिति की मांग है की राज्य सरकार द्वारा लागू नए शिक्षा सेवा नियम से वरिष्ठ अध्यापक से स्कूल प्राध्यापक की दो सत्रों की बकाया पदोन्नति जल्द करवाई जाए। अगर राजस्थान शैक्षिक सेवा नियम 2021 में किसी वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए शिथिलन दिया जाता है या नियमों/उप नियमों में संशोधन किया जाता है तो समिति की ओर राज्य स्तर पर धरना प्रदर्शन व रैलियों का आयोजन व उच्च न्यायालय की शरण लेगे जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार व विभाग की होगी। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद व तहसीलदार बिहारी लाल ने ज्ञापन को राज्य सरकार को भिजवा दिया।ज्ञापन देने वालों मे प्रदेश संरक्षक मोहरसिंह सलावद,सीता राम डूडी,बलराम गोदारा,रूपाराम धतरवाल,प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहें ।



*बीकानेर। जिला कलक्टर व तहसीलदार को सौंपा सीएम, शिक्षा मंत्री व शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन*



*बाड़मेर। यूजीपीजी समान विषय संघर्ष समिति जिला बाड़मेर के सदस्यों द्वारा अतिरिक्त जिलाधीश बाड़मेर को ज्ञापन दिया गया*

### शैक्षिक सेवा नियम 2021 हुबहू लागू करने की मांग, बाड़मेर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन के माध्यम से संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा जननायक मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री यह मांग की गई है कि गुणवत्तापूर्ण के प्रति सजग और जागरूक सरकार द्वारा जो नवीन शैक्षिक सेवा नियम 2021 बनाया गया है उस नवीन शैक्षिक सेवा नियम में किसी प्रकार का संशोधन ना कर व किसी प्रकार की शिथिलता प्रदान नही करके नवीन सेवा नियम को हुबहू लागू करने की की मांग की गई क्योंकि इस सेवा नियम से जो वरिष्ठ अध्यापक व्याख्याता बनेंगे वह अपने विषय के पूर्ण ज्ञाता होंगे व इन व्याख्याताओं द्वारा राजकीय विद्यालय में शिक्षण कार्य कराया जाएगा वह भी पूर्णतया गुणवत्तापूर्ण होगा अतः संघर्ष समिति के सदस्य जननायक मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री से यह मांग हैं कि आप द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बनाए गए इस नवीन शैक्षिक सेवा नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन ना करें पूर्णतया लागू किया जाए जिससे विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल हो पाए कला वर्ग के लाखों अध्यापक व वरिष्ठ अध्यापकों को राहत प्रदान की जा सके इस को प्रस्तुत करते समय संघर्ष समिति के सदस्य सिकंदर खान प्रकाश चंद्र महेंद्र सिंह व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## वैलूर में दिल्ली छात्रावास को लेकर भारी उत्साह

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**वैलूर।** श्री आईमाता मंदिर वैलूर व वैलूर बैंगलोर रोड़ के सभा भवनों में दिल्ली छात्रावास की रूपरेखा की जानकारी देने व वातावरण निर्माण को लेकर सम्बंधित सीरवी समाज बडेरों के पदाधिकारियों सहित गणमान्यों की बैठक की गई। बैठक में दिल्ली समाज के अध्यक्ष, भंवरलाल परिहारिया व सचिव, शोभाराम बरफा व छात्रावास मिशन के समन्वयक, गोपाराम पंवार, सम्बंधित संस्थाओं के पदाधिकारी हिम्मताराम हाम्बड़-अध्यक्ष, मंगलाराम काग-उपाध्यक्ष, हनुमानराम राठौड़- पूर्व अध्यक्ष, नारायणलाल बरफा-अध्यक्ष, लक्ष्मणराम चोयल- सचिव सहित सदस्यगण उपस्थित रहे। गोपाराम पंवार ने सीरवी समाज भवन मय छात्रावास दिल्ली की वर्तमान समय में आवश्यकता, मिशन का उद्देश्य, एक साल शिक्षा के नाम अभियान के तहत वातावरण निर्माण मय जनजागरण के बारे में एवं इसमें अबतक प्राप्त सहयोग की प्रगति से अवगत कराया एवं कहा कि आप भामाशाहों द्वारा द्वारा दिया गया दान शिक्षा के क्षेत्र में होनहार विध्यार्थीयों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसलिए संस्थाओं से, शिक्षाप्रेमी बन्धुओं से, शिक्षाविदों से, भामाशाहों व दानदाताओं से चर्चा करने व बडेर इकाईयों से भी अधिक से अधिक सहयोग उपलब्ध कराने की अपील की गई।


## हैवानियत की हद पार: रिश्तेदार ने नाबालिग बच्ची को 30 हजार में बेच दिया

### डेढ़ महीने बाद भागकर पीड़िता पहुंची थाने

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**भीनमाल।** शुक्रवार मुंबई में निवास कर रहे नाबालिग बच्ची के मां बाप ने भीनमाल में निवास कर रहे अपने रिश्तेदारों के यहां बच्ची को रखा था तो रिश्तेदारों ने 11 वर्षीय बच्ची को 30 हजार में बेचा दिया भीनमाल निवासी रिश्तेदारों ने जिस बच्ची को बेचा था उन्होंने पीड़िता को बंधक बनाकर रखा डेढ़ महीने तक रखा वही बाद में जैसे तैसे करके पीड़िता उनके चंगुल से छूट कर पहुंची भीनमाल पुलिस थाने में तो भीनमाल थाने से पुलिस के जवानों के साथ जालौर के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पालघर भिजवाया गया जहां से बच्ची को वन स्टोप सखी सेंटर राजकीय चिकित्सालय के कार्यालय में भेजा जहां 3 दिन से सखी सेंटर इंचार्ज 11 वर्षीय बच्ची के मां-बाप के आने के इंतजार में बच्ची को लेकर बैठे हैं वही वन स्टॉप सखी सेंटर के कार्मिकों द्वारा इस बच्ची का 3 दिन से लगातार देखरेख की जा रही है लेकिन अभी तक इस बच्ची के मां बाप बच्ची को लेने नहीं पहुंचे हैं वही पुलिस भी इस मामले से है अनजान।




## धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के सानिध्य में नवनिर्मित बलेपेट सीरवी समाज भवन का हुआ उद्घाटन

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बेंगलूरु।** सीरवी समाज , कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट की ओर से बलेपेट में नवनिर्मित सीरवी समाज भवन के उद्घाटन के चढ़ावे गुरुवार रात्रि सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह के सान्निध्य में बोले गए । शुभारंभ आईमाता मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन से हुआ । इसके बाद दीवान माधवसिंह , पाली सांसद पी.पी. चौधरी का ट्रस्ट की ओर से अभिनंदन किया गया । दीवान माघव सिंह ने भवन निर्माण पर समाज को बधाई दी । समाज के अध्यक्ष शोभाराम चोयल ने स्वागत किया । भजन संध्या में गणपति वंदना के साथ चढ़ावों का शुभारंभ हुआ । भजन गायक कैलाश पंवार ने आई माताजी के राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बना दिया ।इस अवसर पर चढ़ावों के लाभार्थियों का समाज की ओर से सम्मान किया गया ।उपाध्यक्ष भंवरलाल चोयल ,कोषाध्यक्ष सुजाराम राठौड़,सहसचिव दलाराम देवड़ा, खेलमंत्री हरजीराम आगलेचा, डुगाराम परिहार, कर्नाटका महासभा के अध्यक्ष विरमराम सोलंकी, उपाध्यक्ष फाउलाल परिहारिया, सेवा संघ अध्यक्ष ताराराम गेहलोत, जगदीश गेहलोत सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धु मौजूद रहे। मंच का संचालन सचिव नारायणलाल लचेटा ने किया । और सभी समाज बन्धुओ को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

## जज्बे को सलाम: भामाशाहों को प्रेरित कर विरोल बड़ी के विद्यालय का कायाकल्प

### स्कूल में दो कमरों का निर्माण ¬ मंत्री विश्नोई ने किया लोकार्पण, बोले- कमाई का कुछ हिस्सा अन्य कार्यों में खर्च करें

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सांचौर।** उपखंड के निकटवर्ती विरोल बड़ी गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह द्वारा निर्मित दो कमरों का लोकार्पण राजस्व राज् मंत्री सुखराम बिश्नोई की मौजूदगी में किया गया। लोकार्पण समारोह में नर्मदा परियोजना के चेयरमैन राव मोहन सिंह,हिंदू सिंह दूठवा प्रधान प्रतिनिधि,श्री राम गोदारा जिला शिक्षा अधिकारी जालोर, कुंपाराम चौधरी पूर्व प्रधान , सेठ भंवर लाल चंदन, रिकबचंद मेहता,धर्मेंद्र संघवी,चंपालाल चंदन एवं पूनमचंद सीबीओ के विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान राज्य मंत्री में सुखराम विश्नोई ने कहा कि सभी को अपनी कमाई का कुछ अंश विद्यालय के भौतिक संसाधनों के विकास के साथ - साथ अन्य कार्यों में खर्च करना चाहिए। शिक्षा के प्रति सकारात्मक भाव के साथ नैतिक शिक्षा पर बल दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य किशन लाल सारण व ग्राम वासियों द्वारा भामाशाह परिवार द्वारा शांतादेवी दलीचंद्र चंदन पुत्री शिल्पा मुकेश संघवी जमाई मुकेश शांतिलाल संघवी दोहित्री कियोशा के दीक्षा ग्रहण करने के उपलक्ष्य में कैसी देवी हस्तीमल बोकड़िया द्वारा दो कक्षा कक्ष बना कर देने पर आभार जताया। भंवर लाल चंदन परिवार की तरफ से स्थानीय विद्यालय में वर्ष 2021-22 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम आने वाले सभी विद्यार्थियों को 11 सौ रुपए नकद पारितोषिक प्रदान किया। इसके साथ ही विद्यालय में चंदन परिवार की ओर से पौधरोपण किया। कार्यक्रम में शांतादेवी दलीचंद चंदन ने विरोल स्थित अपने पैतृक आवास को गांव में सार्वजनिक कार्य भेंट करने की घोषणा की ।

## स्व.दिनेश दवे नेताजी को याद कर दी श्रद्धांजलि

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com





**भीनमाल।** स्थानीय प्रगठीश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हिन्दू सेवा समिति, भारतीय जनता पार्टी व नगर के गणमान्य नागरिकों ने समिति के पूर्व अध्यक्ष संस्थापक स्व.दिनेश दवे नेता की चतुर्थी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन श्रद्धांजलि अर्पित की । श्रद्धांजलि सभा में दो मिनिट का मौन रखकर दिनेश दवे नेता को याद कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नेताजी ने जनहित में धार्मिक राजनीतिक जो कार्य किये उनकी प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष मोहनलाल परिहार ने बताया कि दिनेश दवे भले हमारे बीच में नहीं है, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य हमारे लिये प्रेरणा स्त्रोत है । पूर्व पालिकाध्यक्ष सांवलाराम देवासी ने स्व.दिनेश दवे नेता के जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भाजपा के नेता शेखर व्यास ने बताया कि दिनेश दवे ने हमेशा शहर के लिए एवं जनहित के कार्य किया । समाजसेवी श्रवणसिंह राठौड़, भरतसिंह भोजाणी, महेन्द्र माली, सुरेश मीडिया सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी ने किया। इस दौरान नरपतसिंह राव, ओमप्रकाश माहेश्वरी, उत्तम दर्जी, कुलदीप याज्ञी, पारसमल घांची, विक्रम ईराणी, राजूभाई सोलंकी, केवलाराम परमार, जयंतीलाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ग्राम विकास अधिकारियों ने एक दिन के सामूहिक अवकाश देने की मांग की

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी के चौबीस ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश देने की मांग करते हुए प्रसार अधिकारी को विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन के दौरान बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जयपुर के पत्र क्रमांक 108 दिनांक 27जून 2022 के अनुसार एव संघ के आव्हान व वादा खिलाफी आक्रोश आंदोलन के दिर्तीय चरण के तहत जिला मुख्यालय पर आक्रोश रैली के रूप में जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन देना है।इसलिए दिनांक 11जुलाई 2022 को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश की मांग की गई है।इस दौरान समस्त ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### महंगाई का ईंधन

कई सर्वेक्षणों से स्पष्ट है कि गरीब परिवारों के लोग फिर से पारंपरिक ईंधन का इस्तेमाल करने लगे हैं। आम आदमी की रसोई से रौनक गायब है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम ऊपर ही चढ़ते जा रहे हैं। उसके ऊपर रसोई गैस की कीमत में बढ़ोतरी से दोहरी मार पड़ रही है। इस साल मार्च से लेकर अब तक रसोई गैस के दाम चार बार बढ़ चुके हैं। इस तरह पिछले एक साल में घरेलू रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत दो सौ चौवालीस रुपए तक बढ़ चुकी है। तेल कंपनियों को यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन की चढ़ती कीमतों के मद्देनजर करनी पड़ी है। आगे भी इसमें कमी के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। इसी तरह पेट्रोल और डीजल के दाम ऊपर चढ़ने शुरू हुए और हाहाकार मचने लगा तो केंद्र और राज्य सरकारों ने उनके करों में कटौती कर कुछ राहत देने की कोशिश की। ईंधन की बढ़ती कीमतों का असर तमाम वस्तुओं पर पड़ता है, जिसके चलते महंगाई पर काबू पाना कठिन बना रहता है। इस समय खुदरा से अधिक थोक महंगाई बेकाबू है। इसलिए सरकार की चिंता स्वाभाविक है। महंगाई रोकने के लिए केंद्र ने कुछ राहत के कदम भी उठाए हैं, जैसे कुछ वस्तुओं के निर्यात पर रोक लगाई है, कुछ के आयात पर शुल्क घटाए हैं, अभी खाद्य तेलों पर दस रुपए की कटौती करने को कहा है। मगर ये कदम फौरी राहत भर दे सकते हैं। रसोई गैस पर सबसिडी समाप्त कर दी गई है। यह केवल उज्ज्वला योजना का लाभ उठाने वाले लोगों को ही दी जाती है। इस तरह मध्यवर्गीय परिवारों को रसोई का खर्च अब भारी पड़ने लगा है। उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त सिलेंडर जरूर बांटे गए थे, चुनाव के वक्त कुछ सरकारें त्योहारों पर मुफ्त गैस देने की घोषणा भी करती देखी गई, मगर इससे गरीब की रसोई में रौनक लौटती नजर नहीं आ रही। जिन लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर बांटे गए थे, उनके पास उसमें गैस भराने के पैसे नहीं हैं। कई सर्वेक्षणों से स्पष्ट है कि गरीब परिवारों के लोग फिर से पारंपरिक ईंधन का इस्तेमाल करने लगे हैं। खुद सरकार का दावा है कि बहुत सारे परिवार मुफ्त राशन योजना पर निर्भर हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे सिलेंडर में गैस कहां से भराएंगे। यानी गैस की खपत भी ज्यादा नहीं बढ़ी है, फिर भी कीमत पर अंकुश लगाना चुनौती बना हुआ है।

**संतोष चन्द्र, प्रधान संपादक (गुरुज्योति पत्रिका)**

*डॉ सुरेश चौधरी की मेहनत रंग लाई*

# पीएचसी भाड़खा को मिला एनक्यूएएस अवार्ड

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बाड़मेर।** राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ख़ासकर ग्रामीण इलाकों में बेहतर सुविधाएं व रख रखाव सहित कई अन्य तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार की ओर से योजना की शुरुआत की गई है सीएमएचओ डॉ बिश्नोई ने बताया की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। एनक्यूएएस वर्तमान में जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और शहरी पीएचसी के लिए उपलब्ध है। मानक मुख्य रूप से प्रदाताओं के लिए पूर्व परिभाषित मानकों के माध्यम से सुधार के लिए अपनी गुणवत्ता का आकलन करने और प्रमाणन के लिए अपनी सुविधाओं को लाने के लिए होते हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को मोटे तौर पर 8 ÷चिंता के क्षेत्रों÷ के तहत व्यवस्थित किया जाता है - सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएं, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम। ये मानक आईएसक्यूयुए से मान्यता प्राप्त हैं और व्यापकता, वस्तुनिष्ठता, साक्ष्य और विकास की कठोरता के संदर्भ में वैश्विक बेंचमार्क को पूरा करते हैं। इन सभी बेचमार्क को जिले की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाड़खा ने पूर्ण कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाये मुहेया करवाई जा रही है, पीएचसी में बाह्य रोगी विभाग, रोगी विभाग में, प्रयोगशाला, श्रम कक्ष, फार्मेसी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आउटरीच सेवाएं प्रदान की जा रही है, जिसके चलते पीएचसी भाडखा को राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस अवार्ड से सम्मानित किया गया है, इस हेतु अपर सचिव एवं मिशन निदेशक एनएचएम भारत सरकार रोली सिंह आईएएस द्वारा पत्र जारी कर शुभकामनायें दी डॉ सुरेश चौधरी, चिकित्सा अधिकारी, पीएचसी भाडखा का कहना की हमारी प्रथम प्राथमिकता रहती है की आमजन को पीएचसी पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध करवाई जाये, पीएचसी पर आने के बाद मरीज की सही काउंसलिंग की जाती है, एवं सही और समय पर उपचार किया जाता है, एनक्यूएएस अवार्ड प्राप्त करने के पीछे जिला स्तरीय टीम का समय समय पर मार्गदर्शन एवं पीएचसी में कार्यरत समस्त स्टाफ का है, जिन्होंने पीएचसी में अपनी ड्यूटी एवं सोंपे गये कार्य को बखूबी निभाया जा रहा है, भविष्य में भी पीएचसी पर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहेगी

### इन्होने दी शुभकामनायें

एनक्यूएएस अवार्ड मिलने पर सीएमएचओ डॉ बाबूलाल बिश्नोई, आरसीएचओ डॉ पी.एम, सिंह, डिप्टी सीएमएचओ डॉ पी.सी. दीपन, एडिशनल सीएमएचओ डॉ हरदान, डीपीएम सचिन भार्गव, जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी, डॉ पंकज सुथार एसएमओ डब्लूएचओ, बीसीएमओ बायतु डॉ शिवराम, के.के. यादव ने डॉ सुरेश चौधरी एवं भाडखा की टीम को शुभकामनायें प्रेषित की।

## प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** जिला प्रशासन की ओर से कार्यवाही कर बागोड़ा तहसील क्षेत्र के आलमजी का धोरा, जैसावास में स्कूल के रास्ता तथा जसवंतपुरा तहसील के गजापरु ग्राम में रास्ते से अतिक्रमण को हटाया गया। जिला कलक्टर के निर्देशन में तहसीलदार मय टीम द्वारा बागोड़ा उपखण्ड क्षेत्र के आलमजी का धोरा, जैसावास में स्कूल के बंद पड़े रास्ते को नापकर जेसीबी की सहायता से खुलवाया गया। इसी प्रकार जसवंतपुरा तहसील के गजापुरा ग्राम में तहसीलदार मय टीम द्वारा 25 वर्षों से बंद रास्ते को जेसीबी की सहायता से खुलवाया गया। इस दौरान प्रशासन की टीम, स्कूली छात्र मय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ललित मेमोरियल लॉयन्स हॉस्पिटल रानी द्वारा निःशुल्क मेघा चिकित्सा शिविर का आयोजन



**गुरूज्योति पत्रिका/रानी।** ललित मेमोरियल लॉयन्स हॉस्पिटल रानी में आयोजित किया गया। जिसमे सीनियर फिजिशियन एंव हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित व्यास द्वारा 44 मरीजो की जाँच की गई एंव हड्डी जोड़ एवं प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉक्टर त्रिविक्रम भट्ट द्वारा 55 मरीजो की जांच की गई। फिजोयोथेरेपिस्ट डॉक्टर स्मिता राव द्वारा 10 मरीजो की जांच की गई। लॉयन्स आई हॉस्पिटल ट्रस्ट रानी के अध्यक्ष लॉ. नवरतन सी मेहता एंव सचिव व प्रोजेक्ट चेयरमैन लॉ. घीसूलाल चौधरी ओर क्लब अध्यक्ष हरीश सुराणा ने बताया कि इस केम्प में कुल 109 मरीजों की निःशुल्क जांच कर जरूरतमंद रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी गई। कैंप में अधिक से अधिक संख्या में जरूरतमंद लोगो ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा का लाभ प्राप्त किया एंव सभी ने हॉस्पिटल द्वारा शिविर लगाकर जनता में सेवा देने पर ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया।

## विशेष योग्यजन आयुक्त शर्मा रविवार को बालोतरा आएगे

### बालोतरा में विशेष योग्यजनों की करेंगे जनसुनवाई

**गुरुज्योति ब्यूरो/बाड़मेर।** राज्य आयुक्त विशेष योग्यजन राज्य मंत्री उमा शंकर शर्मा (अधिवक्ता) रविवार से जिले की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न स्थानों पर जन सुनवाई करेंगे तथा विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य आयुक्त विशेष योग्यजन राज्य मंत्री उमा शंकर शर्मा रविवार 10 जुलाई को जोधपुर से प्रस्थान कर डोली, अरबा, कल्याणपुर, सरवड़ी पुरोहितान, समदड़ी, सिवाना, बालोतरा, ब्रह्माधाम तीर्थ, आसोतरा के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वे रात्रि 9 बजे बालोतरा में टाउनहॉल में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम शामिल होगे तथा रात्रि विश्राम डाक बंगला, बालोतरा में करेंगे। वे 11 जुलाई को प्रातः 9 बजे डाक बंगला, बालोतरा में विशेष योग्यजन जन सुनवाई करेंगे।

## रावणा समाज सदस्यता महा अभियान को लेकर महिलाओं में भारी उत्साहः पंवार

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**पाली।** श्री आखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला के निर्देशानुसार प्रदेश सदस्य व जिला सयोंजक कुन्दन सिंह पंवार ने जिले में तूफानी दौरा कर समाज बन्धुओ को सदस्यता महा अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। समाज बन्धुओ को सम्बोधित करते हुए पंवार ने कहा कि इस बार आगामी चुनाव को देखते हुए समाज की महिलाओं में सदस्यता अभियान को लेकर सम्पूर्ण जिले में भारी उत्साह देखा गया । महिला शक्ति टीम सक्रिय व जागरूक होकर महिलाओं से सम्पर्क साद कर ज्यादा से सदस्यता से जोड़ रही हैं । जिला संयोजक कुन्दन सिंह पंवार ने सदस्यता महा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला-सह-सयोंजक खीम सिंह भाटी ( पाली ) को दायित्व दिया गया साथ ही महिला अग्रिम सगठन को सशक्त बनाने के लिए महिला-जिला-सह-सयोंजक-भगवती कंवर नाथावत ( बर ) ,जिला-सह-सयोंजक-कौशल्या कंवर दहीया ( पाली ) , पाली शहर सयोंजक-रेखा कंवर भाटी ,पाली शहर सह-सयोंजक रेखा सोलंकी व संगीता राठोड़ को नियुक्त किया गया । वरिष्ठ समाज सेवी केशर सिंह मांगलिया ,मदन सिंह भाटी ,जगदीश सिंह दहीया , चक्रवर्ती सिंह गहलोत, भवर सिंह भाटी सहित अनेक समाज बन्धुओ व महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया । महिला टीम नियुक्ति प्रक्रिया जिले भर में निरतंर जारी है ।

## जालोर विकास समिति की बैठक सम्पन्न

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** जिला कलक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में जालोर विकास समिति की बैठक गुरुवार को सायं कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम समिति सदस्य दिवंगत ईश्वरलाल शर्मा की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत बैठक में एजेंडा अनुसार सुन्देलाव तालाब के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखों की प्रस्तुति एवं पुष्टि की गई। बैठक में सुन्देलाव तालाब में पानी की आवक के लिए नहर एवं तालाब की पूर्ण साफ-सफाई, तालाब पर पेयजल व्यवस्था के लिए प्याऊ निर्माण, टूटी जालियों की मरम्मत सहित सायंकाल में पुलिस गश्त किये जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलक्टर निशांत जैन ने समिति द्वारा किये जा रहे विकासात्मक कार्यों एवं जालोर महोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए जिले के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य करने की बात कही। बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर, विद्युत श्मशान गृह, ग्रेनाईट म्यूजियम, वृक्षारोपण सहित विभिन्न विकास कार्यों पर सुझाव लेकर चर्चा की गई। जालोर विकास समिति द्वारा सघन अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया।

## प्रधानाचार्य रामलाल मीणा के जन्म दिवस पर किया जोरदार स्वागत



गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**चाकसू।** कस्बे स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाकसू के नोडल प्रधानाचार्य रामलाल मीणा का 48वा जन्मदिन पर कस्बे वासियों ने माला साफा पहना कर बधाइयां दी बता दें कि रामलाल मीणा सितंबर 2019 से नोडल प्रधानाचार्य के रूप में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं इनके कार्यकाल में विद्यालय में नामांकन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है विद्यालय का नामांकन 700 से बढ़कर 1150 हो गया है प्रधानाचार्य नेअपने विद्यालय में विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच प्रदान करते हुए अनुशासन का पाठ पढ़ाया जिसके चलते विद्यालय के परीक्षा परिणाम में गुणात्मक वृद्धि हुई है स्थानीय विद्यालय में बहुत से बालकों ने प्रत्येक संकाय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं यह विद्यालय है जिसमें चाकसू ब्लॉक के सबसे अधिक नामांकन है एवं विद्यालय में कठोर अनुशासन है बालकों की सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के अलावा सहशैक्षिक गतिविधियां यथा एनएसएस हिंदुस्तान स्काउट गाइड खेलकूद इत्यादि गतिविधियां भी संचालित है प्रधानाचार्य श्री मीणा विद्यालय में दोनों पारियों में समय देते हैं जिसके चलते बालकों एवं अभिभावकों का लगाव सरकारी स्कूलों के प्रति बढा है08 जुलाई को श्री मीणा का जन्मदिन पर कस्बे वासियों ने ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित की है इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ ने मिलकर प्रधानाचार्य से केक कटवा कर बधाई दी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री हनुमान सहाय मीणा ने प्रधानाचार्य के विद्यालय के कार्य की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने पर श्री मीणा का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर श्री राम प्रकाश शर्मा दिनेश शर्मा भरत लाल मीणा विष्णु कुमार मीणा प्रकाश चंद मीणा एसीबीईईओ अशोक कुमार एसीबीईईओ इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति लायंस क्लब मालानी बेहद संवेदनशील हैः व्याख्याता जैन



### लायंस क्लब मालानी ने संस्कृत विद्यालय में किया सघन पौधारोपण

### लायंस क्लब मालानी ने बालक बालिकाओं को पर्यावरण संरक्षण का कराया संकल्प

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बाड़मेर।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब मालाणी द्वारा इंद्रा कॉलोनी स्थित राजकीय संस्कृत विद्यालय में पेड़ लगाओ जीवन बचाओ कार्यक्रम के तहत सघन पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के व्याख्याता लायन संपत जैन ने बालक बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है। यह धरती की अमूल्य सम्पदा है। लायंस क्लब मालानी पर्यावरण संरक्षण के प्रति बेहद संवेदनशील है। पेड़ों से हमारी मूलभूत आवश्यकतायें पूरी होती हैं। पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों का अहम योगदान है। इसलिए हर व्यक्ति को पौधरोपण के लिए आगे आना चाहिए तथा पेड़ों की देखभाल निरन्तर करनी चाहिए। लायंस क्लब मालानी के सचिव अबरार मोहम्मद ने जल, जीवन, हरियाली को सफल बनाने लिए बालक बालिकाओं को आगे आने की जरूरत है। आज के लगाए गए पौधे, हमारी आने वाली पीढ़ियों के जीवन में बेहद कारगर सिद्ध होंगे।

### पौधा रोपण कर मनाया जन्मदिन, मुख्य द्वार की कि घोषणा

इस अवसर पर लायंस इंद्रप्रकाश पुरोहित ने अपने जन्मदिन के आगाज पर विद्यालय परिसर में सघन पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया। वहीं पुरोहित द्वारा अपनी माता की स्मृति में विद्यालय का मुख्य द्वार बनाने की घोषणा की गई। विद्यालय के व्याख्याता भोमाराम व अलका जोशी ने लायंस क्लब मालानी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को अनुकरणीय बताते हुए विद्यालय परिसर में क्लब द्वारा किए गए सघन पौधा रोपण कार्यक्रम के लिए आभार जताया। वहीं इस अवसर पर नवगठित लायंस क्लब थार के एडवोकेट मनीष शर्मा द्वारा विद्यालय परिवार को पौधे का गमला भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का बालक बालिकाओं को संकल्प कराया। इस अवसर व्याख्याता भूपेंद्र सांखला, व्याख्याता सुनीता सिंह, व्याख्याता शशि बाला, पुस्तकालय प्रभारी अमरचंद नवल ने पेड़ लगाओ जीवन बचाओ पर अपने विचार व्यक्त किए।

## फर्ज निभाओ, लक्ष्मी बचाओ, लक्ष्मी पाओ', मुखबिर योजना के तहत अब तीन लाख रुपए की प्रोत्साहन राशी

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बाड़मेर।** मुखबिर योजना के तहत अब तीन लाख रुपए की प्रोत्साहन राशी मिल रही है, कोख में पल रही बेटियों को बचाने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और इसी कड़ी में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत मुखबिर योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अब प्रोत्साहन राशि तीन लाख रुपए दी जा रही है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि भ्रूण लिंग जांच या कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त लोगों की सूचना हमें दें ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके। आमजन के सहयोग से ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा सकती है और कन्या भ्रूण हत्या को रोका जा सकता है। सीएमएचओ डॉ. बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि पूर्व में मुखबिर योजना के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण संबंधी प्राप्त सूचना पर तीन किश्तों में ढाई लाख रुपए तक की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दी जाती थी। लेकिन इसे और व्यावहारिक बनाते हुए सफल डिकॉय ऑपरेशन पर मुखबिर, डिकॉय गर्भवती महिला एवं सहयोगी को दो किस्तों में कुल तीन लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। योजना में निर्धारित ढाई लाख की राशि की पहली किश्त सफल डिकॉय होने पर, दूसरी न्यायालय में परिवाद दर्ज होने एवं तीसरी किस्त फैसला आने पर दी जाती थी। अब मुखबिर, डिकॉय गर्भवती महिला एवं सहयोगी को पहली किस्त सफल डिकॉय होने एवं दूसरी किश्त न्यायालय में अभियोजन पक्ष के समर्थन में बयान के बाद दी जाएगी।

### आमजन दें सूचना, बेटियां बचाने में करें सहयोग

सीओ आईईसी राकेश भाटी ने बताया कि नवीन मुखबिर योजना के क्रियान्वयन से आमजन का भ्रूण लिंग परीक्षण रोकथाम में सहयोग अपेक्षित है। आमजन से भ्रूण लिंग परीक्षण की रोकथाम में सहयोग करने एवं इसकी शिकायत टोल फ्री नम्बर 104/108 एवं राज्य स्तरीय वाट्सएप नम्बर 9799997795 पर देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाड़मेर की जनता निश्चित ही इस पावन कार्य में सहयोग देगी एवं कोख के कातिलों को सलाखों के पीछे धकेलने में मदद करेगी।

### गर्भवती महिला को अब दो किश्तों में डेढ़ लाख रुपए

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सचिन भार्गव ने बताया कि डिकॉय ऑपरेशन में गर्भवती महिला की अहम भूमिका रहती है। गर्भस्थ शिशु की जोखिम एवं गर्भवती महिला को परेशानी को ध्यान में रखते हुए गर्भवती महिला की राशि में बढ़ोतरी की गई है। पहले गर्भवती महिला को तीन किस्तों में कुल एक लाख रुपए की राशि दी जाती थी। अब उसे दो किस्तों में कुल डेढ़ लाख रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दी जाएगी। साथ ही पूर्व में मुखबिर को तीन किस्तों में तेत्तिस हजार दो सो पच्चास रूपये प्रति किश्त, सहयोगी को सोलह हजार छ सो पच्चीस रुपए प्रति किश्त मिलते थे। लेकिन अब मुखबिर को दो किस्तों में पच्चास-पच्चास हजार रुपए एवं सहयोगी को पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार ने सड़क के साइड में खड़े दो युवकों को रौंदा

## अन्य तीन वाहनों को भी किया क्षतिग्रस्त

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**सिवाना।** गुरुज्योति पत्रिका पी डी वैष्णव। शुक्रवार तड़के लगभग छ बजे कस्बे के मोकलसर रोड स्थित सजीवनी कॉम्प्लेक्स के आगे साइड में खड़े दो युवकों को मोकलसर की तरफ से आई बेकाबू व तेज गति से एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक भरतकुमार पुत्र शंकरलाल राव निवासी थान माता हिंगलाज व राजेशपुरी पुत्र भँवरपुरी गोस्वामी निवासी लोहावट की दर्दनाक मौत हो गई। कार की गति इतनी तेज थी कि कार ने दोनो युवकों को कुचलते हुए कॉम्प्लेक्स के आगे पार्किंग किये हुए खड़े तीन फ़ॉर व्हीलर वाहनों को भी 10 से 15 फिट घसीटते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में कार चालक मौके पर से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिवाना से दस किमी दूर थान माता हिंगलाज गांव में गुरुवार को लोहावट जिला जोधपुर से शादी के लिए बारात आई हुई थी। शुक्रवार सुबह थान माता



हिंगलाज गांव से सामान खरीदने व दूल्हे की कार की सजावट करवाने के लिए दोनो युवक भरतकुमार व राजेशपुरी सिवाना सजीवनी कॉम्प्लेक्स आए थे। तथा कॉम्प्लेक्स के आगे खड़े थे। कि अचानक मोकलसर से अंधाधुंध तेजगति से आई एक कार ने दोनों युवकों को चपेट में ले लिया।जिससे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें बाद में मौके पर खड़े लोगो ने दोनो घायलों को स्थानीय राजकीय चिकित्सालय पहुचाया। जहाँ से बालोतरा रेफर किया गया। जहाँ दोनों ने दम तोड़ दिया। सहायक थानाधिकारी प्रेमकुमार ने बताया कि घटना के सम्बंध में उत्तमलाल पुत्र शंकरलाल राव निवासी थान माता हिंगलाज गांव ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज करवाया कि उनका भाई भरतकुमार पुत्र शंकरलाल राव उम्र 26 वर्ष निवासी थान माता हिंगलाज व राजेशपुरी पुत्र भंवरपुरी गोस्वामी उम्र 30 निवासी लोहावट जिला जोधपुर शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे शादी विवाह के लिए सामान लेने सिवाना आए थे। कि मोकलसर कि तरफ से आई एक शिफ्ट कार के चालक ने तेजगति व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। मोके पर से दोनो युवकों को स्थानीय राजकीय चिकित्सालय लाया गया।जहाँ से दोनो को 108 से बालोतरा रेफर किया गया।जहाँ चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।तथा मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त किया व फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

## रींगस में सांसद खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**गुरुज्योति पत्रिका/रींगस।** रींगस के रामेश्वर कॉलोनी में ऑक्सफोर्ड स्कूल के खेल मैदान में शुक्रवार को कबड्डी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन मुख्य अतिथि युवा नेता राहुल बाजिया की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । खेल संयोजक ओमप्रकाश कोरखन्या ने बताया की कबड्डी का पहला मैच बालाजी क्लब एवं हरि डिफेंस फर्स्ट के बीच खेला गया जिसमें बालाजी क्लब विजेता रही । फाइनल मैच के दौरान विजेता टीम को सांसद द्वारा 1100 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष खेल संयोजक ओमप्रकाश कोरखन्या, ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य कौशल्या चौधरी संग्राम सिंह बलौदा पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, पार्षद बीरबल निठारवाल, महामंत्री महेश शर्मा, मुकेश शर्मा, बजरंग शर्मा, विजयपाल सारण, मंडल प्रभारी रामकिशन सैनी, राकेश बाकोलिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा का कार्यकर्ताओं ने मनाया धूमधाम से जन्मदिन



**गुरुज्योति पत्रिका/रींगस।** रींगस क्षेत्र व आस-पास के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को श्रीमाधोपुर पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमाधोपुर गोशाला में गायों के विवेक गौ-स्वामी का आयोजन किया गया व जगह जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान बाबू चौधरी जेपी यादव पूरणमल गुर्जर हरिशंकर शर्मा मदन लाल यादव सुरेंद्र सरदारमल यादव शंकरलाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

## जालोर मुख्यालय पर सरकारी स्कूल बना बरसात के पानी से तालाब



**गुरुज्योति पत्रिका/जालौर।** शुक्रवार जिला मुख्यालय स्थित सरकारी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हनुमान साला स्कूल बारिश होने की वजह से बारिश के पानी से तालाब के रूप में बदल गया है स्कूल आने वाले छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हालात इस तरह के हैं कि स्कूल के बीचो-बीच ग्राउंड में पानी का तालाब सा बन गया है बच्चे उस तालाब के अंदर होकर पढ़ाई के लिए जाते हैं लेकिन प्रशासन की ओर से किसी प्रकार से पानी की निकासी के प्रयास नहीं किए गए हैं जिसे आने जाने वाले शिक्षक छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कानून व्यवस्था के लिए कार्य पालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**गुरुज्योति पत्रिका/जालोर।** जिला मजिस्ट्रेट निशान्त जैन ने 10 जुलाई को ईदुलजुहा पर्व पर कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट निशांत जैन ने बताया कि कोतवाली जालोर के लिए जालोर उपखण्ड मजिस्ट्रेट दिनेशचन्द धाकड़, आहोर के लिए आहोर एसडीएम विवेक व्यास, सांचैर के लिए सांचैर एसडीएम शैलेन्द्र सिंह, भीनमाल के लिए भीनमाल एसडीएम जवाहरराम चैधरी, सायला के लिए सायला एसडीएम सुरजभान विश्नोई, तहसीलदार श्रीमती कौशल्या, विकास अधिकारी मनमोहन मीणा व नायब तहसीलदार महेश दवे, जसवंतपुरा के लिए जसवंतपुरा एसडीएम राजेन्द्र सिंह, रानीवाड़ा के लिए रानीवाड़ा उपखण्ड मजिस्ट्रेट प्रकाशचन्द्र अग्रवाल व रानीवाड़ा तहसीलदार रामलाल जाट, बागरा के लिए जालोर तहसीलदार पारसमल, चितलवाना के लिए नायब तहसीलदार ईश्वरलाल सोलंकी, भाद्राजून के लिए भाद्राजून उप तहसीलदार मानाराम चैधरी, रामसीन के लिए भीनमाल पंचायत समिति के विकास अधिकारी रमेश शर्मा व रामसीन नायब तहसीलदार मेहराराम चैधरी तथा बागोड़ा के लिए बागोड़ा नायब तहसीलदार बलवंतसिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई, जिला रोजगार अधिकारी आनन्द कुमार सुथार व बागोड़ा पं.स. के विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उक्त मजिस्ट्रेट् आवंटित कार्यक्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुए कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाये रखेंगे तथा संबंधित सूचना अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जालोर को देते रहेंगे। संबंधित क्षेत्र के वृत्ताधिकारी व थानाधिकारी विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए पर्व के दौरान कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगे तथा नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट से समन्वय बनाये रखेंगे।

# जालोर जिले के एक किसान परिवार का बेटा बॉलीवुड में, जिले का नाम किया गौरवान्वित

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**जालोर/मोदरान।** जालोर जिले के एक किसान परिवार से सम्बंध रखने वाले बॉलीवुड अभिनेता डॉ.कान्तिलाल परमार ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हिम्मत न हारकर डटकर सामना कर बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखकर एक इतिहास रच कर जालौर जिले का नाम देश और विश्व में कर तहलका मचा दिया। मात्र 27 वर्ष के युवा दिलों की धड़कन और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत डॉ. कान्तिलाल परमार ने बॉलीवुड में प्रवेश कर जिले को एक तोहफा देकर गौरवान्वित किया हैं। परमार जालौर जिले के उम्मेदाबाद गाँव की शख्सियत किसान परिवार से तालुक रखने वाले एक बहुजन समाज एवं बहुजन नायक डॉ. कान्तिलाल परमार ने आज शुरुआत से लेकर अब तक बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक पहचान बनाकर देश ही नहीं अपितु विश्व में अपना डंका बजाकर एक दुनिया भर



में अपनी अलग ही पहचान बनाई हैं। डॉ. परमार आज अपने परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनके चर्चे देश भर में होते रहते हैं। जिन्होंने अपने दम से आज बॉलीवुड इंडस्ट्री में प्रथम मूवी एक ब्लैक नाईट में अभीनय कर अपने अहम और महत्वपूर्ण किरदार सीआईडी का निभाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक अमित छाप छोड़कर डंका बजाकर अपनी पहचान बनाई हैं। उस मूवी में शानदार रोल और अहम जिम्मेदारी निभाने के बाद मुझे अब दुसरीं मूवी युद्ध एक्शन मूवी में चयन हुआ हैं। जिसमें विलेन और कॉमेडियन का अहम और महत्वपूर्ण रोल निभाएंगे। इनके पिता मिस्त्री भोलाराम परमार पेशे से किसान हैं। जिन्होंने रात दिन मेहनत कर अपने लाडले पुत्र को आज इस मुकाम और मंजिल तक पहुंचाने में अपनी अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। और आज उन्हें गर्व है, पूरे परिवार को की आज उनका बेटा डॉ. परमार एक छोटे से गाँव से पलकर बॉलीवुड में देश और दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं। मात्र 27 वर्ष की छोटी सी उम्र में बॉलीवुड इंडस्ट्री में स्थान प्राप्त करना वाकई में एक बहुत बड़ी उपलब्धि कहे तो इसमें कोई अतिश्योक्ति वाली बात नहीं हो सकती हैं।

# मनरेगा के मस्टररोल में 80 श्रमिकों की हाजिरी, मौके पर 65 ही मिले

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**भीनमाल।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत भागलभीम में विभिन्न जगह पर चल रहे नरेगा कार्यो, उप स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकान सहित विद्यालय का उप खंड अधिकारी जवाहरराम चौधरी ने अचानक निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी जवाहरराम चौधरी ने बताया कि निरीक्षण के समय भागल भीम ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी सामने आई है। वहीं राशन डीलर के पास मिली पोस मशीन में स्टॉक से मेल नहीं पाया गया।

### हाजिरी 80 लोगों की, मौके पर 65 ही मिले

उपखंड अधिकारी अचानक जब नरेगा कार्य स्थल पर पहुंचे तो सर्व प्रथम मस्टररोल चेक किया। भीम नाडी खुदाई कार्य में नियोजित 122 श्रमिकों के स्थान पर 65 श्रमिक ही उपस्थित मिले। जबकि मस्टररोल में 80 श्रमिकों की हाजिरी दर्ज थी। इसी तरह बामणी नाड़ी खुदाई कार्य में नियोजित 115 श्रमिकों



के स्थान पर 65 श्रमिक ही उपस्थित मिले। इसके पश्चात एसडीएम ने वहीं से विकास अधिकारी को मोबाइल के जरिए कहा कि संबंधित मेट के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। इसी तरह उक्त गांव में स्थित उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया तो पोस मशीन में चावल, चना, केरोसिन व शक्कर का स्टॉक दिखाया गया। जबकि मौके पर यह सामग्री नहीं पाई गई। इसके बाद एसडीएम ने इसके संबंध में प्रवर्तन निरीक्षक को जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागलभीम व उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर जरुरी दिशा निर्देश दिए।

# आकाशीय बिजली गिरी, बिजली के उपकरण जले, दीवार क्षतिग्रस्त

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**पाली/हेमावास।** पाली शहर सहित जिले के कई कस्बों व गांवों में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। शुक्रवार को हेमावास गांव में तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान गांव में आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मकान की दीवार टूट गई। वहीं बिजली के उपकरण जल गए। गांव की सड़कों पर पानी भर गया।



हेमावास गांव में आकाशीय बिजली गिरने से तीन घरों में नुकसान हो गया। रणछोड़राम माली, बाबूलाल हीरागर व पारस हीरागर के मकानों के बिजली के तार व विद्युत मीटर जल गए।



मकान की दीवार भी टूट गई है। गांव का ट्रांसफार्मर जलने से सभी घरों में बिजली गुल हो गई है। हालांकि किसी अन्य प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। इसी के चलते पाली शहर सहित जिले के



कई कस्बों व गांवों में रूक-रूक कर बारिश का दौर जारी है।

## 126 सरकारी विद्यालयों में शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति जारी

### प्रति शौचालय के लिए 3 लाख रुपये की स्वीकृति

**गुरुज्योति पत्रिका/जालोर।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 126 सरकारी विद्यालयों में शौचालय निर्माण (स्वच्छता परिसर) के लिए स्वीकृति जारी की गई है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकारी विद्यालयों में शौचालयों की की आवश्यकता तथा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जालोर जिले में समस्त ब्लॉक के 126 राजकीय विद्यालयों में शौचालयों में उचित तरीके से शौचालय सुविधा के अभाव की जानकारी मिलते पर जिला परिषद व विकास अधिकारियों से प्रस्ताव प्राप्त कर एक साथ 126 राजकीय विद्यालयों में प्रति शौचालय 3 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है जिससे विद्यार्थियों को शौचालय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## बिजली गिरने से चार बंदरों की मौत



**गुरुज्योति पत्रिका/देसूरी।** नारलाई में नवा अरट पर आकाशीय बिजली गिरने से चार बन्दरो की मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर को बारिश हो रही थी,इसी दौरान नीम में पेड़ पर बिजली गिरी। जिससे पेड़ पर बैठे चार बन्दर मरकर जमीन गिर पड़े। वही सूचना पर वार्डपंच रमेश चौधरी व समाजसेवी मौके पर पहुचे। खेत मे पड़े बन्दरो को बाहर निकाल कर समाधि दी गई। इस दौरान वार्डपंच रमेश चौधरी, जीवाराम सरगरा,भंवरलाल मेघवाल,पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभूदास वैष्णव,मगाराम घांची समेत समाजसेवी उपस्थित थे।

## मृतक के परिजनों से मिलकर पीसीसी सदस्य पटेल ने दी सांत्वना



**गुरुज्योति पत्रिका/आहोर।** पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल ने आहोर विधानसभा क्षेत्र के चान्दराई एवं कंवला गांव में सड़क दुर्घटना में मृतक के परिवारजनों से दुखद घटना पर सांत्वना देते हुए ढांढ़स बंधाया एवं परिवार जनों को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना,पालनहार योजना,एकल नारी योजना के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए अधिकारियों को पात्रता मानदंड परिवार को शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। इस दौरान कानाराम सिंघल आरवायएमपी, अध्यापक छगन बामणिया पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुखदेव बामणिया वलदरा पूर्व सरपंच आदाराम विरास वार्ड पंच भगाराम बामणिया,कप्पाराम बिठुड़ा,जितेंद्र बामणिया, पदमाराम बामणिया,वनाराम सोनल,रमेश कुमार तरवाडा समेत उपस्थित थे।

## आहोर कस्बे के लिए बाईपास दिलाने को लेकर आहोर विधायक ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा

**गुरुज्योति पत्रिका/आहोर।** आहोर विधायक छगणसिंह राजपुरोहित ने केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिखकर अवगत करवाया की मुझे मेरे विधानसभा क्षेत्र के आहोर कस्बे के व्यापार संघ ने संज्ञान में दिलाते हुए बताया कि आहोर कस्बे के बीचो-बीच से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 325 पर आहोर कस्बे के अन्दर मुख्य बाजार से गुजरता है जो भीड़-भाड़ वाला क्षेत्र है यह आहोर कस्बे का मुख्य मार्ग भी है आहोर कस्बे आसपास करीबन 100 गांव लगते है



जिसका रोजगार आहोर कस्बे पर टीका हुआ है तथा यह स्वीकृत फॉर लाईन सड़क मुख्य बाजार से गुजरेगा जिससे कस्बे के व्यापारी वर्ग सहित आसपास क्षेत्र रोजगार के लिए आने वाले मजदुर वर्ग प्रभावित होगें एवं सड़क दोनो तरफ लोहे की सुरक्षा दिवारे (जालिया) लगने से बाजार का स्तर गिरेगा जिससे कस्बे के व्यापारी वर्ग को अथाह नुकसान होगा और आसपास के करीबन सौ गांवो का रोजगार प्रभावित होगा एवं यह स्वीकृत सड़क भीड़-भाड़ आबादी क्षेत्र से गुजरने से दुर्घटना भी होती रहेगी जिससे बार-बार जनहानि होने का डर रहेगा, विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने मंत्री से अनुरोध किया कि आहोर के मुख्य बाजार की मुख्य मार्ग का स्वीकृत फोरलाइन सड़क को रद्द कर दूसरी जगह आहोर के उपर से बाईपास सड़क दिया जावे, जिससे आहोर कस्बे का बाजार का स्तर भी नहीं गिरेगा व आसपास के गांवो के रोजगार भी प्रभावित नही होगें एवं भीड़-भाड़ क्षेत्र में दुर्घटना से भी बचाव होगा।

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936